प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. **मुख्य चिकित्साधिकारी,**
   जनपद– फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्वार्थनगर, चित्रकूट, सोनभद्र, बहराइच, चन्दौली एवं बलरामपुर।
2. **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय,**
   जनपद– फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्वार्थनगर, चित्रकूट, सोनभद्र, बहराइच, चन्दौली एवं बलरामपुर।

पत्रांकः– एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2019–20 / 35 / 4325-2 दिनांकः 16-08-19

**विषयः– भारत सरकार द्वारा चयनित 08 महत्वाकांक्षी जनपदों की दिनांक 22 जुलाई 2019 को आहूत की गयी समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त के सम्बंध में।**

**महोदय / महोदया,**

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनॉक 22 जुलाई 2019 को प्रदेश के 08 महत्वाकांक्षी जनपदों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक कक्ष संख्या–111 "वैचारिकी",योजना भवन, लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया बैठक में लिये गये निर्णयों एवं निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए 07 कार्यदिवसों के अन्दर अनुपालन आख्या संकलित कर प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं महानिदेशक, परिवार कल्याण तथा मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः अनुमोदित कार्यवृत्त।**

भवदीया,

**(थमीम अंसरिया ए)**
अपर मिशन निदेशक
तद्दिनांकः

पत्रांकः– एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2019–20 / 35 /

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
4. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
5. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, लखनऊ।
6. सम्बन्धित जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
7. सम्बन्धित मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, वित्त नियन्त्रक एवं अधिशासी अभियन्ता राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. महत्वाकांक्षी जनपदों हेतु राज्य स्तर (एस0पी0एम0यू0 / महानिदेशालय) से नामित नोडल अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. यूनीसेफ, बीएम0जी0एफ0, पिरामल एवं एन0आई0 के संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. सम्बन्धित जिला कार्यकम प्रबंधक / जिला लेखा प्रबन्धक / जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।

**(थमीम अंसरिया ए)**
अपर मिशन निदेशक

प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. **मुख्य चिकित्साधिकारी,**
   जनपद– फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्दार्थनगर, चित्रकूट, सोनभद्र, बहराइच, चन्दौली एवं बलरामपुर।
2. **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय,**
   जनपद– फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्दार्थनगर, चित्रकूट, सोनभद्र, बहराइच, चन्दौली एवं बलरामपुर।

पत्रांकः– एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2019–20/35/ दिनांकः 16-08-19

**विषयः– भारत सरकार द्वारा चयनित 08 महत्वाकांक्षी जनपदों की दिनांक 22 जुलाई 2019 को आहूत की गयी समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त के सम्बंध में।**

**महोदय/महोदया,**

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनॉक 22 जुलाई 2019 को प्रदेश के 08 महत्वाकांक्षी जनपदों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक कक्ष संख्या–111 "वैचारिकी",योजना भवन, लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया बैठक में लिये गये निर्णयों एवं निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए 07 कार्यदिवसों के अन्दर अनुपालन आख्या संकलित कर प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं महानिदेशक, परिवार कल्याण तथा मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः अनुमोदित कार्यवृत्त।**

भवदीया,

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः– एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2019–20/35/ 4325-2(11) तद्‌दिनांकः

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
4. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
5. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, लखनऊ।
6. सम्बन्धित जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
7. सम्बन्धित मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक, वित्त नियन्त्रक एवं अधिशासी अभियन्ता राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. महत्वाकांक्षी जनपदों हेतु राज्य स्तर (एस0पी0एम0यू0/महानिदेशालय) से नामित नोडल अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. यूनीसेफ, बी0एम0जी0एफ0, पिरामल एवं एन0आई0 के संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. सम्बन्धित जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला लेखा प्रबन्धक/जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

## महत्वाकांक्षी जनपदों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक दिनांक 22 जुलाई 2019 का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में **दिनॉक 22 जुलाई 2019 को प्रदेश के 08 महत्वाकांक्षी जनपदों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक** कक्ष संख्या–111 "वैचारिकी", योजना भवन, लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक में राज्य स्तर से सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, महानिदेशालय एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों तथा 08 महत्वाकांक्षी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक एवं जिला लेखा प्रबन्धक द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में हैल्थ पार्टनर फोरम के सदस्यों/प्रतिनिधियों (यूनिसेफ, पिरामल फाउण्डेशन, यू0पी0टी0एस0यू0 एवं बी0एम0जी0एफ0) के द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

मिशन निदेशक द्वारा जनपदवार समीक्षा प्रारम्भ की गयी। समीक्षा बैठक में हुई चर्चा के बिन्दु एवं दिये गये निर्देश निम्नवत हैं :–

**नीति आयोग पोर्टल के संकेतांक एवं डाटा फीडिंग की समीक्षा–**

1. अवगत कराया गया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा के आधार पर नीति आयोग के पोर्टल पर जनपद के एन0आई0सी0 द्वारा डाटा फीड किया जाता है। निर्देशित किया गया कि नीति आयोग के पोर्टल पर एच0एम0आई0एस0 पोर्टल से डाटा लेकर ही फीड किया जाये।
2. **स्वास्थ्य के 22 संकेतकों के डाटा स्रोत तथा उनको फीड किये जाने की आवृत्ति** के विषय में मुख्य चिकित्साधिकारियों को जानकारी न होने पर प्रमुख सचिव द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक डाटा की गहन समीक्षा करने के उपरान्त ही नीति आयोग के पोर्टल पर डाटा फीड करवाया जाये।
3. नीति आयोग द्वारा निर्धारित **स्वास्थ्य के 22 संकेतकों एवं पोषण के 09 संकेतकों** के आधार पर जनपदों द्वारा विभिन्न स्तरों पर समीक्षा की जानी सुनिश्चित करें। दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्य सम्पादित करायें, गैप्स में सुधार करवायें तथा सम्बन्धित डाटा ससमय विभिन्न पोर्टलों पर फीड करवाना सुनिश्चित करें।
4. नीति आयोग द्वारा जनपद स्तर पर से कराये जाने वाले **सर्वेक्षण** के समय स्वास्थ्य विभाग के किसी अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करें।
5. **नीति आयोग की एन0ए0बी0एच0 की विभिन्न टीमों** द्वारा प्रदेश के समस्त चिकित्सालयों की रैंकिग करने के उद्देश्य से भ्रमण किया जा रहा है। निर्देशित किया गया कि समस्त जनपद राज्य स्तर से प्रेषित दिशा–निर्देशों एवं चेकलिस्ट के आधार पर तैयारी करते हुये टीम के सदस्यों को आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।
6. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से **यू0पी0हैल्थ डैश बोर्ड में जनपद की रैंकिंग तथा संकेतांकों की स्थिति** के आधार पर समीक्षा करना सुनिश्चित करें। संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के विषय में पूर्ण जानकारी रखें तथा तैनात किये गये मानव संसाधन से नियमानुसार कार्य सम्पादित करवाना सुनिश्चित करें।

**मातृ स्वास्थ्य के बिन्दु–**

7. जनपदों में स्थित **एफ0आर0यू0 को दिशा–निर्देशों के अनुसार क्रियाशील** किया जाना सुनिश्चित करें। जिला चिकित्सालयों में प्रत्येक माह कम से कम 10 सी–सेक्शन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 05 सी–सेक्शन कराया जाना सुनिश्चित करें।
8. मुख्य चिकित्साधिकारी, बहराइच द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक को नॉन एफ0आर0यू0 में तैनात करने पर प्रमुख सचिव द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि **विशेषज्ञ चिकित्सकों** को किसी भी दशा में **नॉन एफ0आर0यू0 पर सम्बद्ध न किया जाये।** एफ0आर0यू0 पर सम्बद्ध मानव संसाधन के द्वारा नियमानुसार कार्य न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।
9. संभावित गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष **गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में पंजीकृत** होने वाली महिलाओं का प्रतिशत समस्त जनपदों में कम है। निर्देशित किया गया कि आशा एवं ए0एन0एम0 के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का गर्भ धारण करने के उपरान्त शीघ्रातिशीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित करें।

| District | # of ANC registered within the first trimester | Estimated Pregnant Women | % of ANC registered within the first trimester(June) |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 22872 | 29031 | 79 |
| Balrampur | 15453 | 17885 | 86 |
| Chandauli | 10103 | 16254 | 62 |
| Chitrakoot | 4170 | 8255 | 51 |
| Fatehpur | 15313 | 21914 | 70 |
| Shrawasti | 7484 | 9300 | 80 |
| Siddharth Nagar | 10626 | 21303 | 50 |
| Sonbhadra | 10360 | 15503 | 67 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–05 जुलाई 2019)

10. संभावित गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष **04 या अधिक ए0एन0सी0 प्राप्त करने वाली महिलाओं** का प्रतिशत जनपद्र चन्दौली (57 प्रतिशत), सिद्धार्थ नगर (57 प्रतिशत), चित्रकूट (59 प्रतिशत) में कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया कि समस्त गर्भवती महिलाओं की 04 प्रसव पूर्व जांच किया जाना सुनिश्चित करें।

| District | # of Pregnant Women receiving 4 or more Antenatal care checkups | Estimated Pregnant Women | % of Pregnant Women receiving 4 or more Antenatal care checkups (June) |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 26138 | 29031 | 90 |
| Balrampur | 18447 | 17885 | 103 |
| Chandauli | 9336 | 16254 | 57 |
| Chitrakoot | 4882 | 8255 | 59 |
| Fatehpur | 16085 | 21914 | 73 |
| Shrawasti | 8976 | 9300 | 97 |
| Siddharth Nagar | 12110 | 21303 | 57 |
| Sonbhadra | 11881 | 15503 | 77 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–05 जुलाई 2019)

11. ए0एन0सी0 हेतु पंजीकृत गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष **हीमोग्लोबिन की जांच** की गयी महिलाओं की संख्या कम होने पर जनपद सिद्धार्थ नगर, सोनभद्र, चन्दौली, बलरामपुर,बहराइच, फतेहपुर एवं श्रावस्ती के मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियों के माध्यम से समस्त ए0एन0एम0 के कार्यों की समीक्षा की जानी सुनिश्चित करें तथा डाटा वैलीडेशन की बैठक नियमानुसार कराते हुये डाटा फीड कराना सुनिश्चित करें।

| District | Sum of PW tested for Haemoglobin (Hb ) | Sum of PW registered for ANC | % of PW tested for Hb against ANC |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 21974 | 37010 | 59 |
| Balrampur | 12400 | 23439 | 53 |
| Chandauli | 5680 | 12822 | 44 |
| Chitrakoot | 6040 | 5632 | 107 |
| Fatehpur | 11740 | 21369 | 55 |
| Shrawasti | 9228 | 10893 | 85 |
| Siddharth Nagar | 5704 | 17892 | 32 |
| Sonbhadra | 6451 | 14165 | 46 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–05 जुलाई 2019)

12. **पिरामल फाउण्डेशन के प्रतिनिधि** द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर **हीमोग्लोबिनोमीटर की उपलब्धता** नहीं है। मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से क्षेत्रीय पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करें। समस्त सब सेण्टरों पर हीमोग्लोबिनोमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा वी0एच0एन0डी0 को सुदृढ करना सुनिश्चित करें।

13. संभावित प्रसवों के सापेक्ष जनपदों में किये गये **संस्थागत प्रसव का प्रतिशत** समस्त जनपदों में बहुत कम होने पर घोर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाने के निर्देश दिये गये।

| District | Sum of Institutional Deliveries conducted (Incl C-Sections) | Sum of Estimated number of deliveries | % of institutional deliveries against est. deliveries |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 13313 | 26392 | 50 |
| Balrampur | 7371 | 16259 | 45 |
| Chandauli | 4291 | 14777 | 29 |
| Chitrakoot | 2891 | 7505 | 39 |
| Fatehpur | 6982 | 19922 | 35 |
| Shrawasti | 4298 | 8455 | 51 |
| Siddharth Nagar | 7151 | 19366 | 37 |
| Sonbhadra | 5711 | 14094 | 41 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–05 जुलाई 2019)

14. निर्देशित किया गया कि संस्थागत प्रसव में वृद्धि हेतु **आशा एवं ए0एन0एम0 का उन्मुखीकरण** किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे उनके द्वारा संस्थागत प्रसव के लाभ के विषय में आम जनमानस को प्रेरित किया जाये। साथ ही साथ प्रत्येक सप्ताह ए0एन0एम0 की समीक्षा भी करें।

15. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर **एम0सी0पी0 कार्ड की उपलब्धता** सुनिश्चित करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कार्ड में आवश्यक सूचनायें ए0एन0एम0 के द्वारा भरी जायें।

16. **यूनिसेफ के प्रतिनिधि** द्वारा **एम0सी0पी0 कार्ड पर संवेदीकरण** किये जाने की आवश्यकता से अवगत कराया गया। प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि एम0सी0पी0 कार्ड पर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक जनपद में करवाया जाये जिसमें समस्त ए0एन0एम0 के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित कर्मचारियों को संवेदीकृत किया जाना सुनिश्चित करें।
17. **31 संकेतांकों में से 20 संकेतांकों से सम्बन्धित सेवायें वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र** पर प्रदान की जाती हैं, किन्तु सत्र के दौरान मात्र टीकाकरण को महत्व दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा नियमानुसार समस्त सेवायें सत्र के दौरान उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
18. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में आयोजित किये जाने वाले **वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों की कार्ययोजना/भ्रमण कार्यक्रम** बनाकर जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से स्थलीय पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से समीक्षा भी करें। साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करें कि सत्रों पर आवश्यक औषधि, उपकरण एवं अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्थायें शत-प्रतिशत उपलब्ध हों।
19. समस्त जनपद सुनिश्चित करें कि प्रसव पूर्व जांच की सुविधा प्रत्येक **वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र** पर उपलब्ध हो तथा नियमानुसार गर्भवती महिला की समस्त जांचें सम्पादित की जायें। **आर0सी0एच0 पोर्टल पर महिला एवं बच्चे दोनों का पंजीकरण** ससमय किया जाना सुनिश्चित करें।

**बाल स्वास्थ्य एवं नियमित टीकाकरण-**

20. निर्देशित किया गया कि समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर **नवजात शिशु का वजन** नियमानुसार किया जाये तथा वास्तविक डाटा को रजिस्टर एवं पोर्टल पर फीड कराया जाना सुनिश्चित करें।

| District | Sum of NBs having weight less than 2.5 kg | Sum of NBs weighed at birth | % of Low Birth Weight babies (less than 2500 gm) |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 1919 | 16377 | 12 |
| Balrampur | 918 | 11724 | 8 |
| Chandauli | 456 | 4410 | 10 |
| Chitrakoot | 602 | 2912 | 21 |
| Fatehpur | 882 | 8165 | 11 |
| Shrawasti | 810 | 5056 | 16 |
| Siddharth Nagar | 891 | 11317 | 8 |
| Sonbhadra | 717 | 7215 | 10 |

(श्रोत-एच0एम0आई0एस0/यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक-05 जुलाई 2019)

21. **पूर्ण प्रतिरक्षण** में समस्त 08 जनपदों का प्रतिशत 90 प्रतिशत से कम होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि शत-प्रतिशत प्रतिरक्षण किया जाना सुनिश्चित करें।

| District | Sum of Number of children aged between 9-11 months fully immunized | Sum of Estimated number of live births | % of children fully immunized (9-11 months) |
|---|---|---|---|
| Bahraich | 43500 | 25510 | 78 |
| Balrampur | 25630 | 15761 | 89 |
| Chandauli | 19282 | 14321 | 68 |
| Chitrakoot | 13770 | 7265 | 63 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Fatehpur | 28111 | 19308 | 70 |
| Shrawasti | 18430 | 8175 | 81 |
| Siddharth Nagar | 25212 | 18728 | 60 |
| Sonbhadra | 22682 | 13660 | 79 |

(श्रोत–एच0एम0आई0एस0 / यू0पी0एच0एम0आई0एस0 दिनांक–05 जुलाई 2019)

**मानव संसाधन की तैनाती–**

22. मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला पुरूष / महिला / संयुक्त चिकित्सालय आपस में समन्वय स्थापित करते हुये मानव संसाधन के Rationalization की समस्या का निराकरण सुनिश्चित करें।
23. राज्य स्तर से **ब्लड स्टोरेज यूनिट (बी0एस0यू0)** की स्थापना एवं **विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति** की प्रक्रिया की जा रही है। नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण होने पर सम्बन्धित जनपद को विशेषज्ञ चिकित्सक आवंटित कर दिये जायेंगे। राज्य स्तर से विभिन्न जनपदों में कुल 1005 ए0एन0एम0 की नियुक्ति की गयी है। निर्देशित किया गया कि नवीन ए0एन0एम0 को जनपद में तैनाती देते हुये कार्य लिया जाना सुनिश्चित करें।

**टी0बी0 नोटीफिकेशन एवं डी0बी0टी0 भुगतान–**

24. **टी0बी0 नोटीफिकेशन** के अन्तर्गत निर्देशित किया गया कि टी0बी0नोटीफिकेशन दर में सुधार किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही साथ **उपचार दर** में भी सुधार करें। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के साथ बैठक एवं समन्वय करते हुये इसमें सुधार लाया जा सकता है।

| Aspirational District | Population 2019 | Public Notification | Private Notification | Total Notification | Annualize notification rate -Public | Annualize notification rate -Private | Annualize notification rate -Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Bahraich | 40.35 | 2286 | 405 | 2691 | 108 | 19 | 127 |
| Balrampur | 24.54 | 1153 | 189 | 1342 | 90 | 15 | 105 |
| Chandauli | 22.31 | 1211 | 189 | 1400 | 104 | 16 | 120 |
| Chitrakoot | 11.31 | 822 | 141 | 963 | 139 | 24 | 163 |
| Fatehpur | 30.88 | 1590 | 240 | 1830 | 98 | 15 | 113 |
| Shravasti | 13.35 | 682 | 5 | 687 | 98 | 1 | 98 |
| Siddharthnagar | 28.21 | 1495 | 212 | 1707 | 101 | 14 | 116 |
| Sonbhadra | 21.63 | 1472 | 215 | 1687 | 130 | 19 | 149 |
| Aspirational District Total/Avg. | 193 | 10711 | 1596 | 12307 | 109 | 15 | 124 |
| Total State | 2288.58 | 161843 | 72410 | 234253 | 135 | 60 | 196 |

(श्रोत–निःक्षय पोर्टल दिनांक–10 जुलाई 2019)

25. निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत टी0बी0 रोगियों को डी0बी0टी0 भुगतान किसी भी जनपद में शत–प्रतिशत न होने पर निर्देशित किया गया कि समस्त **टी0बी0 रोगियों को डी0बी0टी0 माध्यम** से नियमानुसार ससमय भुगतान सुनिश्चित करें।

| S.No. | State/District | Total Eligible beneficiaries | Beneficiaries with DBT Payments done | % Paid Beneficiary (Total) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BAHRAICH | 8562 | 5009 | 59% |
| 2 | BALRAMPUR | 4264 | 2591 | 61% |
| 3 | CHANDAULI | 4561 | 2880 | 63% |
| 4 | CHITRAKOOT | 2966 | 2060 | 69% |
| 5 | FATEHPUR | 7553 | 2860 | 38% |
| 6 | SHRAVASTI | 2240 | 1788 | 80% |
| 7 | SIDDHARTHNAGAR | 4520 | 950 | 21% |
| 8 | SONBHADRA | 4960 | 2948 | 59% |
| Total of Aspirational Districts | | 39626 | 21086 | 53% |
| Uttar Pradesh | | 668385 | 286894 | 43% |

(श्रोत–निःक्षय पोर्टल दिनांक–10 जुलाई 2019)

**अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु–**

26. ब्लॉक स्तर पर बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 के माध्यम से अनुश्रवण किया जाना सुनिश्चित करें कि ए0एन0एम0 के द्वारा जो रिपोर्ट दी जा रही हैं, वह सत्य है या नहीं। पोर्टल पर डाटा फीड करने से पहले डाटा का सत्यापन किया जाना सुनिश्चित करें।
27. निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह राज्य स्तर पर महत्वाकांक्षी जनपदों की समीक्षा की जानी सुनिश्चित करें तथा राज्य स्तर से नामित नोडल अधिकारियों के द्वारा सम्बन्धित जनपद का स्थलीय पर्यवेक्षण किया जाना सुनिश्चित करें।
28. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तर पर तैनात अधिकारियों को ब्लॉक आवंटित करते हुये सघन अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें तथा कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करें।
29. **पिरामल फाउण्डेशन के प्रतिनिधि** को निर्देशित किया गया कि जनपदों की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर प्रस्तुतीकरण तैयार कर प्रत्येक माह मिशन निदेशक के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अन्त में निर्देशित किया गया कि उक्त समस्त निर्देशों का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करें।